राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर 302004

फोन नं. 2708824 पी.बी.एक्स नं. 2711070 फैक्स नं. 91.0141.2701367

वेब साइट -: www. uniraj. ac. in

निदेशक/विभागाध्यक्ष/प्राचार्य,

....

....

क्रमांक- परीक्षा 5-ब/2012/ 6304-53 दिनांकः 20.10.2012

विषय- स्नातकोत्तर प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर (ग्रेडिंग स्कीम) परीक्षा दिसम्बर, 2012 के संबंध मे लिये गये निर्णयों के क्रम में।

महोदय/महोदया,

लेख है कि विश्वविद्यालय द्वारा स्नातकोत्तर प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर (ग्रेडिंग स्कीम) परीक्षा दिसम्बर, 2012 के सम्बन्ध मे निम्नलिखित निर्णय लिये गये हैं:-

1. सभी संबंधित विभागाध्यक्ष/प्राचार्य उनके विभागों एवं महाविद्यालय मे सत्र 2012-13 मे जिन छात्र/छात्राओं को प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर मे प्रवेश दिया गया है उनकी सूची प्रवेश फार्म संख्या एवं प्रत्येक छात्र को आवंटित चयनित प्रश्न पत्र का उल्लेख करते हुऐ इलेक्ट्रानिक फार्म मे निदेशक, इन्फोनेट सेंटर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को दिनांक 20.10.2012 तक निश्चित रूप से भेजेंगे। इन्फोनेट सेन्टर का ***EMail ID*** – **info.uniraj@gmail.com** हैं।
2. निदेशक, इन्फोनेट सेन्टर विभागानुसार प्राप्त सूचना को सम्बन्धित कम्प्यूटर फर्म को दिनांक 20.10.2012 तक भिजवायेंगे।
3. संबंधित कम्प्यूटर फर्म प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर परीक्षाओं के परीक्षा आवेदन पत्र मय बैंक चालान फार्म परीक्षा अनुभाग को दिनांक 25.10.2012 को निश्चित रूप से उपलब्ध करायेंगे। जिन्हें परीक्षा अनुभाग संबंधित विभागों/ महाविद्यालय को दिनांक 26.10.2012 को भिजवायेगा।
4. संबंधित विभागाध्यक्ष/प्राचार्य, स्नातकोत्तर प्रथम व तृतीय सेमेस्टर मे प्रविष्ट योग्य विद्यार्थीयों से परीक्षा आवेदन पत्र भरवाकर मय फीस का बैंक चालान की प्रति परीक्षा अनुभाग 5-अ कमरा नं. - 131 व परीक्षा अनुभाग 5-ब कमरा नं.- 127 में दिनांक 31.10.2012 तक निश्चित रूप से जमा करवायेंगे।
5. **स्नातकोत्तर प्रथम व तृतीय सेमेस्टर परीक्षा 2012 निम्नानुसार प्रारंभ की जावेगीः-**

   प्रथम सेमेस्टर - दिनांक 13.12.2012

   तृतीय सेमेस्टर - दिनांक 15.12.2012
6. **परीक्षा शुल्क की राशि निम्नानुसार होगीः-**

   प्रथम सेमेस्टर रूपये 1000/- (परीक्षा शुल्क- 750/-, नामांकन शुल्क- 150/-, विविध शुल्क- 100/-) तथा तृतीय सेमेस्टर रूपये 1200/- (परीक्षा शुल्क- 950/-, विविध शुल्क- 250/-)

नोटः- यदि छात्र प्रथम सेमेस्टर के एक या दो बकाया प्रश्न पत्रों की परीक्षा मे भी प्रविष्ट हो तो रूपये 375/- अतिरिक्त वसूल कर (रूपये 1200+375 = 1575/-) जमा करें तथा प्रथम सेमेस्टर के सभी बकाया प्रश्न पत्रों की फीस (1200 + 750/- = 1950/-) जमा करें।

भवदीय,

20/10/12

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक- परीक्षा 5-ब/2012/ 6354-403 दिनांकः 20.10.2012

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैं:-

1. निदेशक, इन्फोनेट सेन्टर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
2. उप कुलसचिव, (गोपनीय), राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
3. उप कुलसचिव, (लेखा एवं वित्त), राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
4. जन सम्पर्क अधिकारी, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
5. निजि सचिव, कुलपति/ कुलसचिव, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
6. अनुभागाधिकारी, सेलर प्रथम/द्वितीय, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
7. अनुभागाधिकारी, नामांकन शाखा/रिकार्ड, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
8. मै. यू.एम.सी. कम्प्यूटर फर्म, जयपुर/ मैं. कम्प्यूटर कन्सलटेंसी अजमेर।

सहायक कुलसचिव